लोक सभा अध्यक्ष ने डॉ बलराम जाखड़ के निधन पर शोक व्यक्त किया

इंदौर, 3 फरवरी, 2016 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने पूर्व लोक सभा अध्यक्ष, डॉ बलराम जाखड़ के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा :

"मैं डॉ बलराम जाखड़ के दुखद निधन की सूचना पाकर दुखी हूँ । उनके जैसे कद्दावर, मृदुभाषी और संघर्ष करने वाले नेता का अवसान देश के लिए क्षति है । वह अपने विचारों के कारण हमारे बीच हमेशा जीवित रहेंगे । मुझे वह हमेशा 'बहना' कहके बुलाते थे । लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे डॉ जाखड़ से पिछले कुछ दिनों पहले मेरी मुलाक़ात हुई थी । ऐसे लोग राजनीति में अच्छी बातों के लिए याद किये जाएंगे । मैं उनके शोकाकुल परिवार के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूँ। "